## महत्वपूर्ण एवं खास

### सहायक शिक्षक निलंबित, अश्लील हरकत पर एफआईआर दर्ज

**महिला कर्मचारी से अभद्र व्यवहार का मामला**

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने सहायक शिक्षक (टी)प्राथमिक शाला लोधिया को महिला कर्मचारी से अभद्र व्यवहार तथा वाट्सअप के माध्यम से अश्लील चैट के मामले में आरोपी की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में पटेल को कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर में संलग्न किया गया है। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक शिक्षक (टी) ताराचंद पटेल प्राथमिक शाला लोधिया की ड्यूटी लोकसभा निर्वाचन-2024 में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया के दल काउंटर क्रमांक-16 में मतदान सामग्री वितरण एवं प्राप्ति कार्य में लगायी गई थी। कार्यालय से दूरभाष पर प्रशिक्षण की सूचना दिए जाने पर सूचनाकर्ता महिला कर्मचारी से अभद्र व्यवहार किया गया तथा व्हाट्सअप के माध्यम से अश्लील चैट किया गया। सहायक शिक्षक ताराचंद पटेल का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण)नियम, 1965 के नियम 3 के विपरीत गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों का उल्लंघन है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)खरसिया के उपरोक्त प्रतिवेदन से सहमत होते हुए ताराचंद पटेल को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1956 के नियम 09 के अधीन तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा आरोप पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना खरसिया में एफ.आई.आर.दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी फरार है, पुलिस द्वारा टीम गठित कर पतासाजी की जा रही है।

### ट्रैक्टर के चपेट में आकर बाइक चालक घायल, लोगों ने किया चक्काजाम

**कोरबा (आरएनएस)।** पिछले दिनों बालकोनगर में दो दिन में 4 मौत के बाद हरकत में आए प्रशासन ने परसाभाठा क्षेत्र की सडकों का चैड़ीकरण कराने सहित कई प्रकार की व्यवस्था कराने पर जोर दिया। उस दिशा में प्रयास शुरू होने के बीच पेट्रोल पंप के सामने एक टैंकर वाहन ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया। पीडित को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। घटना के बाद यहां लोगों ने चक्काजाम कर दिया। जानकारी के अनुसार परसाभाठा पेट्रोल पंप के सामने शुक्रवार की सुबह यह घटना हुई जिसने यातायात व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए। पानी की आपूर्ति से जुड़े ट्रैक्टर को लेकर चालक तेज रफ्तार से जा रहा था। पेट्रोल पंप के सामने उसने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। सामने के हिस्से से बाइक को न केवल नुकसान पहुंचा बल्कि नीचे गिरकर बाइक चालक घायल हो गया। व्यस्त इलाके में हुई घटना के कारण आसपास के लोग यहां इक्कठे हो गए। उन्होंने बेलगाम दौड़ रहे वाहनों को लेकर नाराजगी दिखाई और चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस यहां पहुंची। पीडित युवक को अस्पताल भिजवाने की कार्रवाई की गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है। वाहन को जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

### टूटेजा और अनवर की ईडी ने 205.49 करोड़ रूपए की संपत्ति जब्त की

**रायपुर (आरएनएस)।** ईडी ने छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले में पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा और रायपुर के मेयर एजाज़ ढेबर के भाई अनवर ढेबर समेत दूसरे आरोपियों की 205.49 करोड़ की संपत्ति अटैच की। ट्वीट में जांच एजेंसी ने लिखा कि 18 करोड़ रुपये मूल्य की 18 चल और 161 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। छत्तीसगढ़ राज्य में शराब घोटाले की चल रही जांच में अनिल टुटेजा, पूर्व आईएएस, अनवर ढेबर और अन्य पर यह कार्रवाई की है।

# पहाड़ी रास्तों से होते जिले के अंतिम छोर के मतदान केंद्र छुही पहाड़ पहुंचे आब्जर्वर्स और कलेक्टर, मतदाताओं के लिए जरूरी सुविधाओं का लिया जायजा

- छुहीपहाड़ में मतदान केंद्र बनने से 7 किलोमीटर की दूरी हुई कम
- छुहीपहाड़ पहुंच कलेक्टर गोयल ने पहाड़ी कोरवाओं से की मतदान की अपील
- मतदान के लिए वापस घर पहुंचे जेम्स का कलेक्टर गोयल ने किया सम्मान
- खलबोरा में बिरहोर समुदाय के बीच पहुंचे कलेक्टर गोयल ने बिरहोरी बोली में दिलाई मतदान की शपथ, ग्रामीणों ने कहा अवश्य करेंगे मतदान

**रायगढ़**





सामान्य प्रेक्षक डॉ.अंशज सिंह, पुलिस प्रेक्षक मुख्तार मोहसिन, व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी के साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल व सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव पहाड़ी रास्तों से होते हुए जिले के अंतिम छोर पर स्थित धरमजयगढ़ ब्लॉक के छुहीपहाड़ मतदान केंद्र पहुंचे। आब्जर्वर्स ने यहां बने नए मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर गोयल ने यहां निवासरत पहाड़ी कोरवा मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हम सभी को अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए, यह ध्यान रखें कि कोई भी अपने मताधिकार से वंचित ना रहे। इस अवसर पर एडीएम संतन देवी जांगड़े, एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल, एसडीओपी सिद्धांत तिवारी सहित जिला स्तरीय आधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर गोयल ने ग्रामीणों से कहा कि परिवार का कोई भी सदस्य जो अन्य जगह कार्य करने गए है, उन्हें आगामी 7 मई को होने वाले मतदान दिवस की जानकारी देते हुए अपने मताधिकार का उपयोग करने जरूर प्रोत्साहित करें। इस दौरान अन्य राज्य से लौटे प्रवासी श्रमिक जेम्स लकड़ा का कलेक्टर गोयल ने पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया। लकड़ा ने बताया कि वह दूसरे राज्य में कार्य करने गए थे। सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य में हो रहे लोकसभा निर्वाचन की जानकारी मिलने पर वे मतदान करने आए हैं। उन्होंने बताया कि गत निर्वाचन से निर्वाचन आयोग द्वारा ग्राम छुहीपहाड़ में ही मतदान केंद्र बनाने से अब मतदान के लिए 07 किमी दूरी कम हो गई है और उन्हे क्रिन्धा में मतदान करने नहीं जाना पड़ता। इससे गांव के लोगों के साथ ही खासकर बुजुर्ग लोगों को मतदान करने में आसानी हो रही हैं।

कलेक्टर गोयल ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए मतदाताओं की जानकारी लेने पर बताया कि गांव में लगभग 300 मतदाता है। ग्रामीणों ने कहा कि सभी अनिवार्य रूप से मतदान करेंगे।

इस दौरान कलेक्टर गोयल ने ग्रामवासियों को मतदान की शपथ भी दिलाई। कलेक्टर गोयल ने मौके पर गांव में स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण भी किया। उन्होंने मतदान दल के आवागमन एवं रुकने की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने मतदान दल के लिए बिस्तर, कूलर आदि मतदान केंद्र में पहुंचाने के निर्देश दिए।

**7 किलोमीटर दूरी हुई कम, आसान हुआ मतदान करना**

ग्राम छुही पहाड़ में गत विधान सभा निर्वाचन-2023 से मतदान केंद्र बनाया जा रहा हैं। ग्रामीणों को पूर्व में ग्राम पंचायत क्रिन्धा में वोट डालने जाना पड़ता था। जो गांव से लगभग 7 किलोमीटर दूर है, जिससे मतदाताओं को काफी समस्या होती थी। लेकिन अब गांव में ही मतदान केंद्र बनने से लोगों को राहत मिली हैं।

**खलबोरा में बिरहोर परिवारों ने बिरहोरी बोली में ली शपथ, कहा अवश्य करेंगे मतदान**

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने धरमजयगढ़ के बिरहोर बाहुल्य ग्राम-खलबोरा भी पहुंचे। इस दौरान बिरहोर परिवारों ने पारंपरिक रूप से कलेक्टर का स्वागत किया। आयोजित मतदाता कार्यक्रम में कलेक्टर गोयल ने मतदान के महत्व को बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में आपका हर एक वोट महत्वपूर्ण है। 07 मई को होने वाले निर्वाचन में पोलिंग बूथ पहुंचकर आप सभी मतदान अवश्य करें और एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं। इस अवसर पर कलेक्टर गोयल ने बिरहोर परिवारों को बिरहोरी बोली में अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। कलेक्टर गोयल ने कहा कि सभी मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में छाया के लिए टेंट व पंडाल, पेयजल, ओआरएस, कूलर व शौचालय की व्यवस्था रहेगी।

## स्वीप सद्भावना क्रिकेट मैच में जिला पंचायत एक रन से विजयी : नगर निगम की टीम रही उप विजेता

**रायगढ़**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिला पंचायत द्वारा स्वीप मतदाता जागरूकता के तहत शुक्रवार को रायगढ़ स्टेडियम में सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। नगर निगम एवं जिला पंचायत के बीच खेले गए क्रिकेट मैच में जिला पंचायत की टीम एक रन से विजयी रही।

टॉस जीतकर जिला पंचायत 11 ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी के ओपनर के रूप में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव ने बल्लेबाजी की। 10 ओवर के मैच में 4 विकेट खोकर 98 रन अपनी टीम के लिए जोड़े। जवाबी कार्यवाही में नगर निगम 11 की ओर से पहले बल्लेबाज के रूप में सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज एवं व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी उतरे। 10 ओवर में नगर निगम 11 द्वारा 97 रन बनाए गए। इस तरह जिला पंचायत 11 की टीम एक रन से मैच में जीत दर्ज की। मैच के मैन ऑफ द मैच जिला पंचायत 11 के रवि बघेल रहे। बघेल ने अपनी टीम के लिए 34 रन बनाए। मैच के समापन में विजेता और उप विजेता दोनों ही टीम को शील्ड प्रदान किया गया। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने दोनों टीम के खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए स्वीप गतिविधियों को लक्षित करते हुए हर मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी स्वीप को निर्देशित किया गया है और मतदाताओं से मतदान अवश्य करने की अपील की है।

## मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे बीएसएफ के जवानों की बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई

- चार घायल जवानों को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रायगढ़ किया गया रेफर, सभी की हालत खतरे से बाहर

**रायगढ़**



धरमजयगढ़ के छुही पहाड़ में मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे बीएसएफ जवानों की बस चाल्हा गांव के समीप कमोसिन डाण्ड के पास अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। जिससे बस में सवार जवानों को चोट आई है। बस में कुल 32 जवान सवार थे। जिसमें से 17 जवानों को चोटें आई हैं। 13 जवानों को खरोंच और मामूली चोट आई है। जिनका उपचार सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में चल रहा है। वहीं 04 जवानों को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के लिए रेफर किया गया है। सभी जवानों की हालत खतरे से बाहर है।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल ने बताया कि बीएसएफ के 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने निकले थे। वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छुहीपहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे। वापसी के समय चाल्हा गांव के समीप कमोसिन डाण्ड के पास बस अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। इससे बस में बैठे 17 जवान चोटिल हुए हैं। जिनमें से 04 जवानों को अलग-अलग 04 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज रायगढ़ बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। वहीं शेष 13 जवान जिन्हें मामूली खरोंच एवं चोट आई है, उनका इलाज सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में चल रहा है। सभी जवानों की स्थिति खतरे से बाहर है।

## ड्रायवर ने वाहन में लोड क्वालिटी कोयले में गिट्टी और पत्थर की मिलावट कर किया प्लांट में अनलोड

- पुसौर पुलिस ने धोखाधड़ी के अपराध में ट्रेलर ड्रायवर को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



पुसौर पुलिस द्वारा अडानी पावर प्लांट छोटे भंडार के लिये कुसमुन्डा मांइस, कोरबा से मंगाये गये कोयले में गिट्टी और पत्थर की मिलावट करने वाले ट्रक के ड्रायवर मोहम्मद मंजद निवासी गढ़वा (झारखंड) को आज धोखाधड़ी और अमानत में खयानत के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

दिनांक 02/05/2024 को थाना पुसौर में अडानी पावर प्लांट छोटे भंडार के कोल मैनेजर दिलबाग सिंह (उम्र 45 साल) निवासी ढ़िमरापुर रोड़ रायगढ़ द्वारा थाना पुसौर में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि कंपनी अडानी पावर प्लांट छोटे भंडार रायगढ़ को कोयला HC HIMANSHI CONSTRUCTION कंपनी शांति नगर बालको द्वारा कुसमुन्डा माईन्स, कोरबा से उपलब्ध कराती है। कंपनी के आर्डर पर दिनांक 02.05.2024 को ट्रेलर कमांक सी.जी. 11 बी.जे. 6623 में कुसमुंडा माइंस से कोयला लेकर ट्रेलर ड्राइवर अडानी पावर प्लांट छोटे भंडार में लाकर अनलोड किया। जिसे कोल सुपरवाईजर रंजनीकांत पाढी चेक कर बताया कि ट्रक कमांक सी.जी. 11 बी.जे. 6623 से अनलोड कोयला के अंदर ज्यादा मात्रा में पत्थर और गिट्टी मिला हुआ। ट्रेलर वाहन के चालक द्वारा वाहन में क्वालिटी कोयला लोड कराकर रास्ते में कोयला को निकाल कर उसी मात्रा में पत्थर, गिट्टी मिला कर कोयला को कंपनी में खाली कर धोखाधडी किया है जिससे कंपनी को करीब 1,80,000.00 रूपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। कोल मैनेजर दिलबाग सिंह के आवेदन पर थाना पुसौर में ट्रेलर वाहन चालक पर अप.क्र. 104/2024 धारा 407, 420 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर आज दिनांक 03/05/2024 को को थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा आरोपित मोहम्मद मंजद अंसारी पिता अब्दुल अंसारी उम्र 25 वर्ष निवासी चंपा थाना मेराल जिला गढ़वा (झारखंड) को हिरासत में लिया गया। आरोपी ने आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से क्वालिटी कोयला में मिलावट करना स्वीकार किया है जिससे ट्रेलर वाहन सी.जी. 11 बी.जे. 6623 और ड्रायविंग लायसेंस की जप्ती कर अमानत में खयानत और धोखाधड़ी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## लोकसभा निर्वाचन-2024... निर्वाचन ड्यूटी में लगे मतदान दल के लिए बस सुविधा उपलब्ध

- 5 मई को सायं 4.30 बजे निर्धारित स्थल से रवाना होगी बसें

**रायगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु ड्यूटी लगाये गये मतदान दल की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें निर्वाचन ड्यूटी स्थल पर पहुंचाये जाने हेतु बस की व्यवस्था की गई है। उक्त सभी बसें 5 मई 2024 को सायं 4.30 बजे निर्धारित स्थल से गंतव्य हेतु रवाना होगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए उपरोक्त बसों की रवानगी शाम 4.30 बजे की जा रही है।

**केआईटी गढ़उमरिया आने वाली बस-** तहसील कार्यालय परिसर धरमजयगढ़ से जो 6 बस रायगढ़ केआईटी गढ़उमरिया के लिए आयेगी इनमें वाहन क्रमांक सीजी 12 एक्स-0215, सीजी-12 एक्स-0216, सीजी 13 क्यू-0618, सीजी 11 ए वाई 8903, सीजी 13 ए जे 2993 एवं सीजी 13 एके 0961 शामिल है। इसी तरह पुलिस थाना परिसर घरघोड़ा से रायगढ़ केआईटी गढ़उमरिया आने वाली 2 बसों में वाहन क्रमांक सीजी 12 एक्स 0405 एवं सीजी 10 बीके 1808 शामिल है। तहसील कार्यालय परिसर खरसिया से रायगढ़ केआईटी गढ़उमरिया आने 8 वाली बसों में वाहन क्रमांक सीजी 13 ए एस 5189, सीजी 13 क्यू-0766, सीजी 13 क्यू 0769, सीजी 13 क्यू 0478, सीजी 10 सी-1397, सीजी 13 क्यू 0278, सीजी 13 क्यू 0810 एवं सीजी 13 क्यू 0282 शामिल है।

**डाईट धरमजयगढ़ जाने वाली बस-** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मिनी स्टेडियम रायगढ़ से जो 5 बसें धरमजयगढ़ के लिए रवाना होंगी, इनमें वाहन क्रमांक सीजी 13 क्यू 0277, सीजी 10 बी एल 3815, सीजी 12 बी के 5824, सीजी 13 क्यू-0488 एवं सीजी 12 बी एल 3002 शामिल है। इसी तरह बोरोडीपा मैदान पुसौर से धरमजयगढ़ के लिए जो 3 बस रवाना होगी इनमें वाहन क्रमांक सीजी 10 बीके 4845, सीजी 10 बीके 1804 एवं सीजी 10 बीके 8064 शामिल है। इसी तहसील कार्यालय परिसर खरसिया से धरमजयगढ़ के लिए जो 5 बस रवाना होगी इनमें वाहन क्रमांक सीजी 13 डी 4758, सीजी 13 क्यू 0642, सीजी 12 बीके 8065, सीजी 13 क्यू 0809 एवं सीजी 13 डी 8424 शामिल है।

## सीएमएचओ ने उप स्वास्थ्य केन्द्र औरदा का किया निरीक्षण

- मतदाता जागरूकता के लिए चला हस्ताक्षर अभियान, शत-प्रतिशत मतदान हेतु दिलाई गई शपथ

**रायगढ़**




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के. चंद्रवंशी ने आज विकासखंड पुसौर के उप स्वास्थ्य केंद्र औरदा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में व्हीएचएसएनडी सत्र का दौरा किया, जिसमें समय पर कर्मचारियों की उपस्थिति पायी गयी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सत्र में आये हुए समस्त गर्भवती माताओं को समय-समय पर टीका लगाने व प्रसव उपरांत भी शिशु को टीकाकृत करने के लाभ हेतु समझाईश दी एवं उप स्वा.केंद्र में ओ.आर.एस. कार्नर बनाने तथा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के रिपोर्टिंग सही समय पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। सीएमचओ ने व्हीएचएसएनडी सत्र में आये हुए ग्रामीण को मतदान के लिये जागरूक करने हेतु शपथ दिलायी। साथ ही वहां ग्राम पंचायतों की सहायता से स्वीप हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

## लोकसभा निर्वाचन-2024... निर्वाचन कर्तव्य के दौरान निर्वाचन कर्मियों की मृत्यु/घायल होने पर अनुग्रह प्रतिकर भुगतान संबंधी दिशा-निर्देश जारी

- निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों के लिए राज्य एवं राज्य के बाहर के चिन्हित हॉस्पिटल में होगा नि:शुल्क ईलाज

**रायगढ़**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान/सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपी, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे निर्वाचन ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी),ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं।

आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण सहित किसी भी निर्वाचन संबंधी कार्य के लिए रिपोर्ट करने के लिए निवास/कार्यालय छोड़ते ही निर्वाचन ड्यूटी पर होना माना जायेगा, जब तक वह अपने कार्य प्रदर्शन के बाद अपने निवास/कार्यालय वापस नहीं पहुंच जाता। यदि इस अवधि के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो इसे निर्वाचन ड्यूटी पर हुई घटना के रूप में माना जायेगा।

बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियरों के लिए प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) ड्यूटी की अवधि और वह अवधि जिसके लिए अधिकारी को कमीशनिंग, मतदान/मतगणना व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, को चुनाव ड्यूटी अवधि में माना जाएगा।

**अनुग्रह राशि-** निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अगर मौत उग्रवाद या असामाजिक तत्वों के किसी हिंसक कृत्य जैसे सड़क पर खदान, बम विस्फोट, सशस्त्र हमले और कोविड-19 के कारण मौत होती है, तो 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी। इसके अलावा किसी अन्य कारण से मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। चरमपंथी या असामाजिक तत्वों की संलिप्तता के कारण स्थायी विकलांगता होती है तो 15 लाख रुपये और गंभीर चोट के परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता, जैसे अंग की हानि, आंख की दृष्टि, आदि के मामले में 7.5 लाख रुपये दिये जायेंगे। अनुग्रह राशि का भुगतान गृह मंत्रालय द्वारा उसके मौजूदा दिशा-निर्देशों के तहत पहले से ही भुगतान किए जा रहे मुआवजे और राज्य सरकार या किसी नियोक्ता द्वारा भुगतान किए गए किसी भी अन्य मुआवजे के अतिरिक्त होगा। अनुग्रह राशि का भुगतान बिना किसी अनावश्यक देरी के शीघ्र किया जाएगा।

**कैशलेस इलाज-** आयोग ने निर्वाचन में शामिल ऐसे सभी कर्मियों के लिए अत्याधुनिक अस्पतालों में ईलाज की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है, जो ड्यूटी के दौरान घायल हो जाते हैं या बीमार पड़ जाते हैं। उपचार में तेजी लाने और देरी से बचने के लिए निर्वाचन की घोषणा तक अस्पतालों के साथ अग्रिम रूप से व्यवस्था/टाई-अप कर पीड़ितों को कैशलेस सुविधाएं दी जा सकती हैं।

**नि:शुल्क ईलाज हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर चिकित्सालयों की सूची-** निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों/कर्मचारियों के स्वास्थ्य सुविधा हेतु राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा/ईलाज प्रदान किया जाना है। जिले के शासकीय अस्पतालों में सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति में नि:शुल्क चिकित्सा/ईलाज प्रदान करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर के चिकित्सालयों में बालाजी अस्पताल, मोवा रायपुर, नारायणा अस्पताल, देवेन्द्र नगर रायपुर, रामकृष्ण केयर अस्पताल, पचपेड़ी नाका रायपुर, एनएचएमएमआई अस्पताल, पाचपेड़ी नाका रायपुर एवं केयर हॉस्पिटल, हैदराबाद एवं अपोलो अस्पताल, विशाखापट्टनम शामिल है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480